प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.03.2026 (दोपहर–1455 बजे)

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में प्रकृति पर्व सरहुल की भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। राजधानी में आयोजित शोभायात्रा में लगभग ढाई सौ से अधिक सरना समिति के लोग शामिल हो रहे हैं। शोभायात्रा में लोग पारंपरिक परिधानों में नजर आ रहे हैं।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रांची के नगड़ा टोली स्थित आदिवासी छात्रावास में पारंपरिक रीति–रिवाज के साथ सरहुल पूजा–अर्चना की। इस दौरान श्री सोरेन ने पूर्वजों की सोच को बरकरार रखने की अपील की और प्रकृति के संरक्षण पर बल दिया।

इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो समेत आदिवासी समाज से जुड़े बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

****

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चम्पाई सोरेन रांची के हातमा स्थित सरना समिति के सरहुल पूजा महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रकृति के संरक्षण पर जोर दिया।

****

इधर सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पर्व त्यौहारों को देखते हुए राज्य में लगभग दस हजार अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। रांची के यातायात पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि सरहुल की शोभायात्रा को लेकर यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी देशवासियों को विशेषकर जनजातीय भाई–बहनों को **सरहुल पर्व** की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह पर्व जनजातीय समुदाय की सामूहिक चेतना और प्रकृति के साथ उनके घनिष्ठ संबंध को भी रेखांकित करता है। **वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन** ने भी राज्यवासियों को प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और मानव जीवन के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जल, जंगल और जमीन के साथ संतुलन बनाकर ही समृद्ध और सतत भविष्य की ओर बढ़ा जा सकता है।

****

झारखंड समेत देशभर में आज ईद–उल–फितर का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची सहित राज्यभर में ईद का त्यौहार उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है। इससे पहले आज सवेरे अकीदतमंदों ने मस्जिदों और ईदगाहों में ईद–उल–फितर की विशेष नमाज अदा कर एक–दूसरे को गले लगाया और मुबारकबाद दी। धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, सरायकेला–खरसावां, पाकुड़, देवघर, चतरा और जामताड़ा जिले में भी ईद का त्योहार आपसी भाईचारे, उमंग और उत्साह के साथ मनाया मनाया जा रहा है। इमाम मौलाना अख्तर रजा ने ईद पर देश–दुनिया में शांति, अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।

****

ईद–उल–फितर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देशवासियों को मुबारकबाद दी है।

****

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से चलाए जा रहे संगठन सृजन के तहत कोल्हान प्रमंडल में जिलाध्यक्षों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होने जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 22 मार्च से लेकर 31 मार्च तक कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में झारखंड और ओड़िशा के जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

**********समाप्त*********